नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(AMiniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिगंरौली कोलियरी,जिला- सिगंरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

पत्रक0 एनसीएल/ज0स0वि0/प्रेसवि0/2017–18/220 दिनांक – 16/08/2017

प्रेस विज्ञप्ति

एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

16से 31 अगस्त तक चलेगा पखवाड़ा ,स्वच्छता जागरुकता हेतु आयोजित होंगे व्यापक कार्यक्रम ,जन-जन तक पहुंचाया जाएगा स्वच्छता का संदेश

राष्ट्र के71 वें स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी में स्वच्छता पखवाड़े का भी शुभारंभ हुआ। एनसीएल मुख्यालय स्थित कर्मचारी मनोरंजन गृह प्रांगण में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक) सीएमडी (श्री तापस कुमार नाग ने स्वच्छता झंडी दिखाकर स्कूली बच्चों की स्वच्छता दौड़ को रवाना कर इसका शुभारंभ किया।

स्वतंत्रता दिवस पर स्वच्छता कार्यक्रमों की अगली कड़ी में सिंगरौली स्थित शासकीय कन्या विद्यालय में टीम एनसीएल द्वारा पौधारोपण कर सिंगरौली परिक्षेत्र में स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की पहल की गई। निगाही में महाप्रबंधक श्री चंचल गोस्वामी ने भी स्कूली बच्चों की स्वच्छता दौड़ को प्लैग ऑफ किया और बच्चों ने प्लकार्ड में लिखे स्लोगन व नारों के जरिये जनसमूह को स्वच्छता के प्रति जागृत किया। ब्लॉक बी क्षेत्र में स्कूली बच्चों की परेड आयोजित कर स्वच्छता का संदेश फैलाया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन में अपने योगदान के तहत एनसीएल में 16अगस्त (बुधवार (से स्वच्छता पखवाड़े की औपचारिक शुरुआत हुई। पहले दिन एनसीएल मुख्यालय एवं कंपनी के सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों में एनसीएल के अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली। कंपनी मुख्यालय में निदेशक) तकनीकी/संचालन (श्री

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(AMiniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

गुणाधर पांडेय ने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। साथ ही ,सरस्वती शिशु मंदिर झिंगुरदा में स्वच्छता क्विज एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

31अगस्त तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के दौरान एनसीएल मुख्यालय ,कंपनी के सभी क्षेत्रों) एरिया (तथा स्थानीय इलाकों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कंपनी के सीएमडी श्री तापस कुमार नाग एवं समस्त निदेशकमंडल ने एनसीएल परिवार के सदस्यों एवं कंपनी के समस्त हितग्राहियों) stakeholders) से अपील की है किवे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

पखवाड़े के दौरान 17 अगस्त को डी.ए.वी .स्कूल झिंगुरदा में स्वच्छता क्विज एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 18 अगस्त को शासकीय स्कूल अमझर में स्वच्छता परिचर्चा तथा 19 अगस्त को इसी स्कूल में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 20 अगस्त को अमझर गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा। 21 अगस्त को राजर्षि उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरबी तथा सरस्वती शिशु मंदिर गोरबी में स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता का संदेश फैलाया जाएगा। 22 अगस्त को राजर्षि उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरबी तथा 23 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर गोरबी में सफाई अभियान चलाया जाएगा। 24 अगस्त को राजर्षि उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरबी तथा 25 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर गोरबी में पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 26 अगस्त को स्थानीय गोरबी एवं नौडिया पंचायत में स्वच्छता रैली निकाली जाएगी। 27 अगस्त को गोरबी एवं नौडिया पंचायत में स्वच्छता जागरुकता के उद्देश्य से स्वच्छता सामग्री वितरित की जाएगी।

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(AMiniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160

An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company

पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889

Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

28अगस्त को स्थानीय चुरकी एवं करेला पंचायतों में गांवों की साफ-सफाई की आवश्यकता संबंधी विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। 29 अगस्त को सरकारी उच्च विद्यालय करेला एवं बिरकुनिया में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 30 अगस्त को बिरकुनिया एवं अजगुढ़ पंचायतों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। 31अगस्त को शासकीय कन्या विद्यालय एवं शासकीय उच्च विद्यालय पंजरेह में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इनके अलावा ,16 से 31 अगस्त के दौरान स्थानीय चार गावों में 2000 पौधे लगाए जाएंगे।

जनसंपर्क अधिकारी